न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 06/2021 एल आर एक्ट (GCMS No 2021/7)
अनवान नगर पालिका भादरा बनाम कृष्ण कुमार वगैरह
अपील विरूद्ध आदेश– प्रकरण सं. 44/2013 अतिरिक्त जिला कलक्टर, नोहर (हनुमानगढ)
दिनांक 28.02.2020

.तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
22.03.2022	पत्रावली प्रस्तुत हुई। वकुलाय फरिकेन उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट को ऑर्डरशीट दिनांक 12.10.2021 से बार –बार रेस्पोडेंट संख्या 2 के निमित सही पता अंकित कर नोटिस पेश करने हेतु पाबन्द किया जा रहा है, परन्तु अभिभाषक अपीलान्ट द्वारा आज दिनाक तक रेस्पोडेंट संख्या 2 के निमित नोटिस पेश नही किया गया है। यह पत्रावली वर्ष 2021 से विचाराधीन चल रही है। जिसमे अभिभाषक अपीलांट को रेस्पोडेंट संख्या 2 के निमित सही पता अंकित कर रजिस्ट्र्ड एडी नोटिस पेश करने हेतु तीन बार अंतिम अवसर भी दिये जा चुके है। बावजूद इसके अपीलार्थी एव अभिभाषक अपीलार्थी जो न्याय की वांछा करता है, आज दिनांक तक नोटिस पेश नही किया है। अतः यह पत्रावली अदम तकमील में खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय को आदेश की प्रमाणित प्रति भेजी जाकर पत्रावली नम्बर से कम हो। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर रहे। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। अति.संभागीय आयुक्त बीकानेर	